सान्या की फिल्म 'मिसेज' का इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न 2024 में होगा प्रीमियर

इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न 2024 (IFFM) सान्या मल्होत्रा स्टारर 'मिसेज' का प्रदर्शन करने के लिए तैयार है। आरती कदव द्वारा निर्देशित इस फिल्म का ऑस्ट्रेलिया में होने वाले इस फेस्टिवल में स्वागत किया गया है। 'मिसेज' एक महिला के जटिल जीवन पर प्रकाश डालती है, जिसका किरदार सान्या ने निभाया है। वह एक डांस टीचर है। अपनी शादी के बाद वह अपनी नई राह तलाशने का प्रयास करती है। इस दौरान उसे पत्नी धर्म की भी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। यह फिल्म एक महिला के वैवाहिक जीवन पर थोपी गई सामाजिक अपेक्षाओं के बीच उसकी आत्म-अभिव्यक्ति की जर्नी दिखाती है। यह मलयालम फिल्म 'द ग्रेट इंडियन किचन' की हिंदी रीमेक है और इसमें कंवलजीत सिंह और निशांत दहिया भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। बावेजा स्टूडियोज के सहयोग से जियो स्टूडियोज द्वारा इसका निर्माण किया गया है। सान्या ने पहले भी न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल में इस फिल्म के लिए बेस्ट एक्ट्रेस का पुरस्कार जीता था और IFFM 2024 के लिए बेस्ट एक्ट्रेस कैटेगरी के लिए नॉमिनेशन भी हासिल किया है। फिल्म के ऑस्ट्रेलियाई प्रीमियर के बारे में सान्या ने कहा...'मैं रोमांचित और सम्मानित महसूस कर रही हूं कि 'मिसेज' का ऑस्ट्रेलियाई प्रीमियर इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न में होगा। यह फिल्म मेरे लिए अविश्वसनीय रूप से खास है क्योंकि यह कहानी समाज की अपेक्षाओं के बीच अपनी आवाज खोजने की कोशिश कर रही एक महिला की जर्नी है। आरती और पूरी टीम के साथ काम करना एक सुखद अनुभव रहा। यह कहानी हर जगह के दर्शकों को पसंद आएगी।'